दिनांक 25.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के आदेशानुसार निगम के जोन में साफ–सफाई, स्वास्थ्य शिविर, अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान जारी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व अमला एवं स्वच्छता निरीक्षकों को संयुक्त टीम बनाकर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत नाली–नाला सफाई के दौरान नाली के ऊपर अवैध रूप से कच्चे–पक्के स्लैब बनाकर अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश दिया गया था। साथ ही निगम क्षेत्र में साफ–सफाई व्यवस्था के प्रति सजग रहें एवं अपने–अपने वार्डों में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे सफाई व्यवस्था का समय–समय पर मेरे द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया जावेगा। बारिश के मौसम को देखते हुए वार्डो में निरन्तर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करें तथा आम नागरिकों को डेंगू, मलेरिया, खासी सहित मौसमी बीमारी के बचाव के संबंध में जानकारी देते हुए क्लोरिन टेबेलेट का भी वितरण साथ में हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जनसम्पर्क अधिकारी